**अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरु नानक कॉलेज, धनबाद की लगातार जीत की बादशाहत कायम।**

दिनांक 11 जनवरी 2025 को विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित पाँचवे अंतर-महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का रोमांचक समापन हुआ। फाइनल में सिंदरी कॉलेज, सिंदरी और गुरु नानक कॉलेज, धनबाद की टीमें आमने-सामने थीं। यह मैच सिंदरी स्थित कल्याण केंद्र में खेला गया।

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद ने 32 रनों से जीत दर्ज कर न केवल फाइनल मुकाबला अपने नाम किया, बल्कि लगातार चौथी बार खिताब जीतकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी हासिल की। शानदार प्रदर्शन के लिए कुंदन कुमार (गुरु नानक कॉलेज) को "मैन ऑफ द मैच" घोषित किया गया। विजेता टीम को चैंपियन ट्रॉफी और सभी खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए गए।टीम की इस ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में दिनांक 13 जनवरी 2025 को गुरु नानक कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद ने विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए चौथी बार स्वर्णिम जीत दर्ज करने पर हर्ष व्यक्त किया। प्राचार्य ने खिलाड़ियों को जोनल टूर्नामेंट में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं।सम्मान समारोह में टीम मैनेजर प्रो. सोनू प्रसाद यादव और कप्तान संजय सिंह के साथ-साथ संजय सिन्हा, दीपक कुमार, डॉ. मीना मालखंडी और अन्य शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। टीम की ऐतिहासिक जीत पर सबने खुशी व्यक्त की और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

गुरु नानक कॉलेज की यह जीत सिर्फ एक खेल उपलब्धि नहीं, बल्कि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम है। इस उपलब्धि ने टीम की क्षमताओं को न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर भी स्थापित कर दिया है। सम्मान समारोह खिलाड़ियों के हौसले को और बढ़ाने वाला साबित हुआ। आगामी जोनल टूर्नामेंट में यह टीम और भी बेहतर प्रदर्शन करेगी, ऐसी उम्मीद सभी ने व्यक्त की।

# Picture Gallery










2025/1/11 15:52


2025/1/11 15:49


S.J S GREWAL AUDITORIUM
ANTARNAAD
2024


2025/1/11 15:50


2025/1/11 15:48


2025/1/11 15:48


2025/1/11 15:50


S.J.S GREWAL AUDITORIUM
ANTARNAAD
2024

# गुरु नानक कॉलेज धनबाद ने 32 रनों से जीता पंचम अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट

संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी महाविद्यालय सिंदरी में आयोजित पंचम अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० के.के. पाठक की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डी.एस.डब्ल्यू डॉ० पुष्पा कुमारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंदरी एफसीआई के स्टेट एंड फाइनेंस अधिकारी देवदास अधिकारी ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की। प्रतियोगिता के दौरान सेलेक्टर के रूप में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय से सत्यम चटर्जी ने भी अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता की शुरूआत के समय डॉ० के.के. पाठक ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और महाविद्यालय में आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, जिससे प्रतियोगिता का माहौल और भी गरिमापूर्ण हो गया। प्रतियोगिता का पहला मैच सिंदरी महाविद्यालय सिंदरी और



बीबीएमकेयू पीजी डिपार्टमेंट के बीच खेला गया। 15 ओवर के इस मैच में बीबीएमकेयू पीजी डिपार्टमेंट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 138/6 रन बनाए, जिससे सिंदरी महाविद्यालय के सामने 139 रनों का लक्ष्य रखा गया। जवाब में सिंदरी महाविद्यालय ने उम्दा बल्लेबाजी करते हुए 140/5 रन बनाकर जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

फाइनल मुकाबला गुरु नानक कॉलेज धनबाद और सिंदरी महाविद्यालय, सिंदरी के बीच हुआ। इस मैच में टॉस जीतकर गुरु नानक कॉलेज, धनबाद ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। गुरु नानक कॉलेज की टीम ने 20 ओवर में 144/7 रन बनाए। जवाब में सिंदरी महाविद्यालय, सिंदरी की टीम ने कड़ी मेहनत की। लेकिन वह केवल 112/9 रन ही बना पाई और 32 रनों से मैच हार गई। इस प्रकार गुरु नानक कॉलेज, धनबाद ने टूर्नामेंट का खिताब जीतने में सफलता हासिल की। प्रतियोगिता के समापन पर एक शानदार पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों को मेडल और शील्ड देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार हरीश रजक को दिया गया। उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें यह सम्मान दिलाया। अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया, बल्कि क्षेत्रीय महाविद्यालयों के बीच प्रतिस्पर्धा और सहयोग को भी बढ़ावा दिया।

# गुरु नानक कॉलेज ,धनबाद की टीम 32 रनों से विजयी रही

झारखण्ड जागरण संवाददाता

**सिंदरी :** सिंदरी महाविद्यालय सिंदरी की मेजबानी पंचम अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।टूर्नामेंट महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के.के.पाठक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि डी.एस.डब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी की उपस्थिति ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंदरी एफसीआई के स्टेट ऐंड फाइनेंस अधिकारी देवदास अधिकारी उपस्थित थे। सेलेक्टर के रूप में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय से सत्यम चटर्जी उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ के.के.पाठक द्वारा सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ और मोमेन्टो देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। प्रतियोगिता की पहली पारी में सिंदरी महाविद्यालय सिंदरी और पीजी डिपार्टमेंट बीबीएमकेयू आमने सामने रही। 15 ओवर के मैच में बीबीएमकेयू पीजी विभाग ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिंदरी



महाविद्यालय, सिंदरी के समक्ष 138/6 रन बनाते हुए 139 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में सिंदरी महाविद्यालय, सिंदरी ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए पी.जी. विभाग सिंदरी महाविद्यालय, सिंदरीबीबीएमकेयू को हराते हुए 140/5 रनों से अपनी जीत का डंका बजाया और फाइनल मैच में अपनी जगह सुनिश्चित की। गुरु नानक कॉलेज धनबाद और सिंदरी महाविद्यालय सिंदरी के बीच फाइनल प्रारंभ हुआ जिसमें टौस जीतकर बल्लेबाजी करने का मौका गुरुनानक कालेज धनबाद ने जीता और 20 ओवर के मैच में बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन देते हुए 144/7 रन बनाए। सिंदरी महाविद्यालय, सिंदरी की टीम ने ने जवाब में 112/9 रन बनाए। इस तरह गुरु नानक कॉलेज, धनबाद की टीम 32 रनों से विजयी रही।

रनर अप टीम सिंदरी महाविद्यालय सिंदरी रही। प्रतियोगिता के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें सभी प्रतियोगियों को मेडल और शील्ड देकर उनको सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द टूर्नामेंट हरीश रजक सिंदरी कॉलेज सिंदरी को मिला।

# नई पत्र वार्ता

## संक्षिप्त खबरें

# सिंदरी महाविद्यालय में पंचम अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन



## गुरु नानक कॉलेज धनबाद ने टूनार्मेंट का खिताब जीता

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

**सिंदरी :** सिंदरी महाविद्यालय में पंचम अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डी.एस.डब्ल्यू डॉ. पुष्पा कुमार ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंदरी हर्ल के स्टेट ऐंड फाइनेंस अधिकारी श्री देवदास अधिकार उपस्थित थे। प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.के. पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्राचार्य डॉ. के.के. पाठक ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर स्वागत किया। जिसमें गुरु नानक कॉलेज, धनबाद ने 32 रनों से जीत दर्ज कर टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम किया। सिंदरी महाविद्यालय, सिंदरी रनर-अप रहीं। इस टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए हरीश रजक सिंदरी महाविद्यालय को मैन ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब दिया गया।